# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारी:– श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.

राजस्व वाद संख्या: 361/2018 दायर दिनॉक 13.11.2018

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. भँवराराम पुत्र उगमाराम, उम्र–52साल, जाति–नायक, निवासी–डाबड़ा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। | बनाम् | 1. रिमली पत्नी भँवरराम, उम्र–47साल, 2. हणमानाराम पुत्र बजरंग, उम्र–30साल, 3. श्रवणी पत्नी हणमानाराम, उम्र–28साल, समस्त,जाति–नायक, निवासी–डाबड़ा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 4. शंकरलाल पुत्र मोहनराम, जाति– बावरी निवासी–डाबड़ा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 5. तेजाराम पुत्र धनाराम, 6. दुर्गाराम पुत्र धनाराम, 7. नारूराम पुत्र धनाराम, 8. गुलाबदेवी पत्नी धनाराम, 9. जमनादेवी पुत्री धनाराम, 10. सुप्यारदेवी पुत्री धनाराम, 11. आनन्दीदेवी पुत्री धनाराम, 12. सुखीदेवी पुत्री धनाराम, समस्त,जाति–बावरी, निवासी–डाबड़ा, निवासी–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 13. मूलाराम उर्फ झूँताराम, जाति–मेघवाल, निवासी–खाखोली, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 14. भँवरराम पुत्र राजूराम, जाति–मेघवाल, निवासी–पावटा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 15. तहसीलदार डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। |

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner

राजस्व–वाद, संख्या 361 / 2018
दायर दिनाँक 13.11.2018, निर्णय दिनाँक 21.12.2018
भँवराराम बनाम् शिमली, वगैरा।

दावा बाबत्
घोषणा खातेदारी, रिकॉर्ड दुरस्ती, बंटवारा व स्थाई निषेधाज्ञा,
अन्तर्गत धारा– **53, 88, 188, R.T.Act.**

उपस्थितः–

1. श्री मोहम्मद शरीफ शेरानी, वकील, वादी।
2. श्री मोहम्मद रफीक, वकील, प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 03 की ओर से।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक **21.12.2018**

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि, सरहद डाबड़ा में खसरा नम्बर 725 रकबा 03.97 हैक्टेयर भूमि अवस्थित है। वादग्रस्त भूमि के कुल रकबे में से हिस्सा 03 / 16 भाग बराबर–बराबर वादी व प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 03 ने जरिये बैचाण के प्रतिवादी संख्या 04 शंकरलाल से खरीद किया हुआ है। रजिस्टर्ड बैचाण की छायाप्रति पेश है।

राजस्व रिकॉर्ड में प्रतिवादीगण संख्या 02 ता 03 का नाम दर्ज नहीं है क्योंकि राजस्व कर्मचारीगण चुनाव कार्य में व्यस्थ थे जिस कारण से उक्त नामान्तरकरण दर्ज नहीं हो सका। उक्त विक्रय के बाद से वादी व प्रतिवादीगण अपने–अपने हिस्से पर काबिज काश्त हैं। मगर हिस्सेनुसार खातेदारी घोषित न होने से दावा बाबत् घोषणा खातेदारी का पेश है।

दिनाँक 22.10.2018 को प्रतिवादीगण ने वादी को उक्त खरीदसुदा भूमि से बेदखल करने की एलानियाँ धमकी देने से बिनाय दावा उत्पन्न हुआ जो लगातार हो रहा है।

प्रार्थना वादी है कि,

सरहद डाबड़ा में खसरा नम्बर 725 रकबा 03.97 हैक्टेयर का वाद संलग्न नजरीनक्शा अनुसार हिस्सा 03 / 16 भाग का वादी को व

सहायक कलेक्टर
डोडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

राजस्व-वाद संख्या 30/2018
दायर दिनांक 13.11.2018, निर्णय दिनांक 21.12.2018
भैरूराम बनाम् शिमली, वगैरह।

रकबा हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 01 व हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 02 व हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 03 खातेदार घोषित किया जावे।

खातेदार शंकरलाल का नाम उक्त राजस्व रिकॉर्ड में से हटाया जावे। वादी के पक्ष में तथा प्रतिवादीगण के विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा जारी की जावे।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 15 को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी संख्या 04 ता 15 के बावजूद तामिलणी के न्यायालय में अनुपस्थित रहने से उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की गयी।

वादी व प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 03 ने राजीनामा पेश किया। राजीनामा की इबारत् पक्षकारान् को पढ़कर सुनाई व समझाई गयी, जिसे बिना किसी दबाव या लालच के सही होना पक्षकारान् द्वारा स्वीकार किया गया। वादी की पहचान वकील श्री मोहम्मद शरीफ शेरानी ने की तथा प्रतिवादीगण की पहचान वकील श्री मोहम्मद रफीक ने की। हस्ब बख्वाहिश राजीनामा तस्दीक किया गया। राजीनामा मुताबिक पक्षकारान् अनुतोष वादीनुसार दावा डिक्री किये जाने में सहमत हैं।

वाद के समर्थन में वादी ने, शपथ-पत्र, जमाबन्दी ग्राम डाबड़ा सम्वत् 2073 खेवट संख्या 321 खसरा नम्बर 725 की सत्य प्रतिलिपि, नजरीनक्शा, पेश की है।

विद्वान वकुलाय उभयपक्ष की सारगर्भित बहस सुनी गयी। पक्षकारान् जरिये वकुलाय मुताबिक राजीनामा दावा डिक्री किया जाने का निवेदन कर रहे हैं। पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। बहस पर मनन् किया। तत्सम्बन्धी विधि का अध्ययन् किया।

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

राजस्व–वाद, संख्या 361/2018
दायर दिनाँक 13.11.2018, निर्णय दिनाँक 21.12.2018
भँवराराम बनाम् शिमली, वगैरा।

वाद का किसी पक्षकार द्वारा कोई खण्डन नहीं किया गया है। पक्षकारान् राजीनामा मुताबिक सहमत हैं व इसी अनुरूप दावा डिक्री किये जाने की इस्तदुआ कर रहे हैं। इसलिए राजीनामा के परिप्रेक्ष्य में दावा डिक्री किया जाना न्यायालय को उचित प्रतीत होता है।

अतः, वाद विवेचन, वाद वादी, डिक्री सादिर किया जाता है।

**आदेश**

हस्ब दावा राजीनामा डिक्री सादिर कर, सरहद डाबड़ा में वादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 725 रकबा 03.97 हैक्टेयर भूमि का बन्टवारा "वाईमीट्स एण्ड बाउण्ड्स" के कर, नजरीनक्शा अनुसूची "अ" में दर्शित मुताबिक हिस्सा 03/16 भाग का वादी को व हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 01 को व हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 02 को तथा हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 03 को स्वतन्त्र खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है।

पक्षकारान् को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा के पाबन्द किया जाता है कि वे किसी भी प्रकार से एक–दूसरे के हिस्से व खातेदारी की भूमि में किसी प्रकार की दखलन्दाजी नहीं करें। तद्नुसार राजस्व रेकर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो। नजरीनक्शा अनुसूची "अ", निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

निर्णय आज दिनाँक **21.12.2018** को सरे ईजलास में सुनाया गया।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)
डीडवाना

Scanned by CamScanner

डिक्री बमुकदमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः— सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 361 / 2018 दायर दिनाँक 13.11.2018

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. भँवरराम पुत्र उगमाराम, उम्र—52साल, जाति—नायक, निवासी—डाबड़ा, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान। | बनाम् | 1. शिमली पत्नी भँवरराम, उम्र—47साल,<br>2. हणमानाराम पुत्र बजरंग, उम्र—30साल,<br>3. श्रवणी पत्नी हणमानाराम, उम्र—28साल, समस्त,जाति—नायक, निवासी—डाबड़ा, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान,<br>4. शंकरलाल पुत्र मोहनराम, जाति—बावरी निवासी—डाबड़ा, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान,<br>5. तेजाराम पुत्र धनाराम,<br>6. दुर्गाराम पुत्र धनाराम,<br>7. नारूराम पुत्र धनाराम,<br>8. गुलाबदेवी पत्नी धनाराम,<br>9. जमनादेवी पुत्री धनाराम,<br>10. सुप्यारदेवी पुत्री धनाराम,<br>11. आनन्दीदेवी पुत्री धनाराम,<br>12. सुखीदेवी पुत्री धनाराम, समस्त,जाति—बावरी, निवासी—डाबड़ा, निवासी—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान,<br>13. मूलाराम उर्फ झूँताराम, जाति—मेघवाल, निवासी—खाखोली, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान,<br>14. भँवरराम पुत्र राजूराम, जाति—मेघवाल, निवासी—पावटा, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान,<br>15. तहसीलदार डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान। |

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

दावा बाबत्
घोषणा खातेदारी, रिकॉर्ड दुरस्ती, बंटवारा व स्थाई निषेधाज्ञा,
अन्तर्गत धारा– 53, 88, 188, R.T.Act.

दिनाँक **21.12.2018**

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री मोहम्मद शरीफ शेरानी, वकील, वादी व श्री मोहम्मद रफीक, वकील, प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 03 ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, हस्ब दावा राजीनामा डिक्री सादिर कर, सरहद डाबड़ा में वादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 725 रकबा 03.97 हैक्टेयर भूमि का बन्टवारा "बाईमीट्स एण्ड बाउण्ड्स" के कर, नजरीनक्शा अनुसूची "अ" में दर्शित मुताबिक हिस्सा 03/16 भाग का वादी को व हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 01 को व हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 02 को तथा हिस्सा 03/16 भाग का प्रतिवादी संख्या 03 को स्वतन्त्र खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है।

पक्षकारान् को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा के पाबन्द किया जाता है कि वे किसी भी प्रकार से एक–दूसरे के हिस्से व खातेदारी की भूमि में किसी प्रकार की दखलन्दाजी नहीं करें। तद्नुसार राजस्व रेकर्ड दुरूस्त हो। नजरीनक्शा अनुसूची "अ", निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–.............. बाबत...... ..............–....................खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........–......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज की तारीख **21.12.2018** को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलेक्टर
सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)
डीडवाना

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुदायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्टाम्प | | |
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | – | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | – | | फिस कमिश्नर | | |
| फिस कमिश्नर | | | बाबत इजराय | | |
| बाबत इजराय | | | हुक्मनामा | | |
| हुक्मनामा | | | मुतफर्रिक | | |
| मुतफर्रिक | | | मिजान | | |
| मिजान | | | | | |

नोटः–इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीकेन का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

सहायक कलेक्टर
सहायक कलेक्टर
डीडवाना
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner